दिन–शुक्रवार दिनांक– 28 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा –नीट मुद्दे पर चर्चा को लेकर विपक्षी दलों की मांग के बीच लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पहले स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे जब सदन की बैठक शुरू हुई तो कांग्रेस सदस्यों ने इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और अन्य सदस्य आसन के नजदीक आ गए। अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, इस मुद्दे पर विचार के लिए एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, सदन को पूर्व नियोजित तरीके से नहीं चलने देना संसदीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठा सकते हैं। नीट मुद्दे पर चर्चा की विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा निर्धारित होने की अवधि के दौरान किसी भी चर्चा की अनुमति देने की परंपरा नहीं रही है।

श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उठाए जाने वाले किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार है। हंगामा बढ़ता देख सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। आज सुबह जब राज्यसभा की बैठक शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में निष्पक्ष जांच और पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा देने का उल्लेख किया था। श्री धनखड़ ने कहा, जब सदन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करेगा तो सदस्यों के पास इस मुद्दे पर चर्चा करने के पर्याप्त अवसर होंगे।

———————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नीट परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील है। श्री प्रधान ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के सभी नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यू–टयूब चैनलों पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग की जायेगी। आकाशवाणी पर हिन्दी में कार्यक्रम के प्रसारण के तुरन्त बाद इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जायेगा।

———————————————————————

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल नई दिल्ली में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इसमें पार्टी के विस्तार, आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति और कई अहम पदों पर नेताओं को खास जिम्मेदारी देने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–मध्य भागों के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया नंदनगढ़ में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, किशनगंज के पौठिया में छियालीस दशमलव दो और पटना में बयालीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना जतायी है। वहीं, तीस जनू को सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण जिले के कुछ स्थानों में बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————

नवादा के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने रजौली प्रखंड के पश्चिमी अमावा पंचायत में जीविका भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के पहले जीविका भवन से जीविका दीदियों को कार्य संचालन में सुविधा होगी।

———————————————————————

बेगूसराय स्थित एनटीपीसी लिमिटेड के बरौनी थर्मल पावर स्टेशन के फेज –टू को विद्युत उत्पादन श्रेणी में गोल्डन पीकॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।